दिनांक : 06.05.2006

सेवा में,

श्रीमान् कारखाना प्रबन्धक महोदय,
मै0 फैशन एक्सप्रैस
प्लाट नम्बर 100, फेस–1, उद्योग विहार
गुडगांव (हरियाणा)

विषयः कारण बताओं नोटिस दिनांक 05.05.2006

श्रीमान् जी,

प्रार्थी सादर व निनम्र निवेदन करता/करती हैः–

1. यह कि प्रार्थी को आपका उपरोक्त कारण बताओ नोटिस दि0 5.05.06 By Hand दि0 5.05.2006 को प्राप्त हुआ है।

2. यह कि आपने उपरोक्त कारण बताओ में जो आरोप प्रार्थी पर लगाए गए है वे सरासर गलत, मिथ्या व भ्रामक है तथा इनसे प्रार्थी की ईनकारी है।

3. यह कि उपरोक्त विषय में प्रार्थी का कहना है कि पिछले कई वर्षो से मई दिवस पर संस्थान में छुट्टी होती रही है और इस बार भी मई दिवस से पहले दि0 29.04.2006 को आपको फैक्स द्वारा मई दिवस पर छुट्टी बारे कहा तो आपने कहा था कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मई दिवस की छुट्टी रहेगी तथा नोटिस लगाने की कोई खास बात नही है। आप मई दिवस पर छुट्टी करें ।

4. यह कि उपरोक्त कारण बताओ नोटिस दुर्भावना प्रेरित कारणो से जारी किया गया है। क्योकि संस्थान के श्रमिको नें यूनियन बनाने

की कार्यवाही की हुई है – जिससे आप खिन्न होकर तरह – तरह से श्रमिको को परेशान करके उनमें भड़काव पैदा करके उन्हे हतोतसाहित करना चाहते है – ताकि श्रमिक परेशान होकर अपना हिसाब ले जाए – आपकी उपरोक्त निति ना केवल गैरकानूनी है बल्कि अनुचित श्रम व्यवहार की श्रेणी में भी आती है। आपने पहले भी श्रमिको को परेशान करने के लिए ना तो उन्हे उनकी दिपावली बोनस दिया, ना ही Annual Increment दी, एक श्रमिक पर झुठा चोरी का ईलजाम लगाकर उसका हिसाब करवा दिया तथा अब दो श्रमिको को गैरकानूनी रूप से झूठे व मनगढन्त ईल्जाम लगाकर सस्पैन्ड किया हुआ है जो पूर्ण रूप से गैरकानूनी है।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर प्रार्थी निवेदन करता / करती है कि आप अपने उपरोक्त कारण बताओ नोटिस को निरस्त करके शान्तिपूर्वक प्रार्थी सहित सभी श्रमिको की नौकरी करने दे तथा श्रमिको को परेशान करने की नीति त्याग दें ।

आपकी अति कृपा होगी ।

प्रार्थी,

नाम :

पिता / पति का नाम :